तापमान
अधिकतम 29.0 डिग्री
न्यूनतम 16.0 डिग्री

हरिभूमि
# मध्यांचल भूमि

रायपुर, बुधवार 4 फरवरी 2026

13 लाहोद विद्युत वितरण केंद्र में छत्तीसगढ़ रजत...



14 तुलसी में महिला समूह ने किया श्रमदान





## खबर संक्षेप

### भरूवाडीह में भजन कीर्तन व सत्संग आज से

**भवानीपुर।** ग्राम 4 से 6 फरवरी तक तीन दिवसीय भजन कीर्तन एवं सत्संग का आयोजन किया जा रहा है। इस धार्मिक अनुष्ठान में साध्वी भुवन ज्योति द्वारा शाम 4 से 6 बजे तक प्रवचन सुनायेंगी। साध्वी भुवन ज्योति द्वारा जीवन प्रबंधन, भक्ति मार्ग और



सामाजिक समरसता पर विशेष व्याख्यान दिया जाएगा। प्रतिदिन संध्या काल में स्थानीय एवं आमंत्रित मंडलियों भजनों की प्रस्तुति दी जाएगी। आयोजन के प्रथम दिन भव्य कलश यात्रा निकाली जाएगी, जिसमें ग्राम की माताएं और बहने पारंपरिक वेशभूषा में सम्मिलित होंगी। समापन अवसर पर विशाल भंडारे का आयोजन किया गया है। आयोजन समिति ने क्षेत्र के समस्त धर्मप्रेमी जनता से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर इस आध्यात्मिक समागम का लाभ उठाने की अपील की है।

### छड़ीया में नवधा रामायण प्रारंभ

**पलारी।** ग्राम छड़ीया में अखंड नवधा रामायण समारोह समस्त ग्रामवासियों के सहयोग से मंगलवार को प्रारंभ हुआ। यह आयोजन 11 फरवरी तक चलेगा, जिसमें दूर दराज की मानस मंडलियों को आमंत्रित किया गया है। सभी मानस मंडलियों को 450 रुपए का सांत्वना पुरस्कार के रूप में दिया जाएगा। कार्तिक रामायण समिति द्वारा रामायण समारोह में अधिक से अधिक में पहुंचकर जीवन धन्य बनाने की अपील की है।

### छात्रा से छेड़छाड़ का मामला, गिरफ्तार

**झलप।** ग्राम छिलपावन स्थित मिडिल स्कूल में नाबालिग छात्रा से छेड़छाड़ का मामला सामने आया है। पीड़िता के परिजनों द्वारा थाना पटेवा में मामले की रिपोर्ट दर्ज कराई गई, जिसके बाद पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। पटेवा पुलिस ने प्राप्त शिकायत के आधार पर आरोपी सागर धीवर के विरुद्ध भारतीय न्याय संहिता की धारा 74, 75(2) एवं पॉक्सो एक्ट की धारा 8 के तहत अपराध पंजीबद्ध किया। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय में रिमांड पर प्रस्तुत किया है।

### धान संग्रहण केंद्र के क्लर्क से मारपीट

**महासमुंद।** धान संग्रहण केंद्र के क्लर्क से मारपीट के मामले में आरोपी के विरूद्ध सरायपाली थाने में अपराध दर्ज कर विवेचना लिया गया है। मिली जानकारी के अनुसार धान संग्रहण केंद्र अर्जुंडा में क्लर्क सोमनाथ जायसवाल 3 फरवरी को लगभग 7:30 बजे ईंट भट्ठा केंदूढार की ओर से मोटर सायकल से सूरज उर्फ सरोज बारीक एवं अरविंद प्रधान के साथ वापस पतेरापाली आ रहा था। ग्राम बालसी में रोहित रात्रे के घर के पास आग जल रहा था, तो वह आग तापने के लिए रूका। मौके पर ग्राम बालसी का भरत रात्रे भी उपस्थित था, जो वहां आग तापने को लेकर विवाद करते हुए गाली गलौज करने लगा, मना करने पर आरोपी ने डंडे से मारपीट और जान से मारने की धमकी दी।

### युवक के साथ मारपीट

**महासमुंद।** यात्री प्रतीक्षालय के पास एक युवक के साथ मारपीट के मामले में आरोपी के विरूद्ध सरायपाली थाने में जुर्म दर्ज किया गया है। मिली जानकारी के अनुसार जितेश दास मानिकपुरी (15 साल) अपने दोस्त रणवीर एवं गुलशन के साथ ईवास स्कूल के सामने बने यात्री प्रतिक्षालय के पास बातचीत कर रहा था। लगभग 10:30 बजे के आसपास डोंगरीपारा झिलमिला के शिवा आया, जो अपने हाथ में डंडा रखा था और तीनों को देखकर बिना कारण गाली-गलौज करने लगा।

# प्रत्येक उपार्जन केन्द्र का भौतिक सत्यापन संवेदनशीलता पूर्वक होगा

**हरिभूमि न्यूज ⏭ बलौदाबाजार**

कलेक्टर दीपक सोनी ने मंगलवार को समय -सीमा की बैठक में विभागीय कार्यों की समीक्षा की। उन्होंने समर्थन मूल्य में धान खरीदी उपरांत उपार्जन केंद्रों से धान उठाव की समीक्षा करते हुए प्रत्येक उपार्जन केन्द्र का गंभीरतापूर्वक भौतिक सत्यापन कराने एवं मिलरों से धान उठाव में तेजी लाने के निर्देश दिये।

कलेक्टर सोनी ने कहा कि उपार्जन केंद्रों का अंतिम और विस्तृत भौतिक सत्यापन नोडल अधिकारी अगले शनिवार तक अवश्य पूरा कर लें, ताकि शासन को रिपोर्ट समय पर भेजी जा सकें। उपार्जन केन्द्र का स्टॉक पंजी, कम्प्यूटर सिस्टम में

## कलेक्टर ने समय पर धान उठाव पूरा करने ट्रकों की संख्या बढ़ाने दिए निर्देश




### गिरौदपुरी मेला की तैयारी समय पर करे

कलेक्टर ने राष्ट्रीय फाइलेरिया उन्मूलन कार्यकर्म अंतर्गत जिले में दवा सेवन अभियान की समीक्षा करते हुए आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, मितानिन, सुपरवाइजर को प्रशिक्षण देंने तथा 10 से 12 फ़रवरी तक बूथो में दवा वितरण की व्यवस्था बेहतर ढंग से सुनिश्चित करने के. निर्देश दिये। उन्होंने एसआईआर अंतर्गत नो मैपिंग, लॉजिकल रीजनिंग एवं अन्य प्रकार के दावा -आपत्ति की सुनवाई एवं अंतिम आदेश 12 फ़रवरी तक पूरा करने सभी एईआरओ को निर्देशित किया। गिरौदपुरी मेला की तैयारी हेतु संबंधित अधिकारियों को सौपे गए कार्य को समय पर पूरा करने कहा।

धान खरीदी की प्रविष्टि आदि का भौतिक सत्यापन कराएं। भौतिक सत्यापन में किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं होगी और सम्बधित के विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि इस बार केवल 15 प्रतिशत धान उपार्जन केन्द्र से संग्रहण केंद्रों को भेजना है। मिलरो को धान उठाव करने में तेजी लाने कड़ी मॉनिटरिंग करें। परिवहन के लिये ट्रकों की संख्या बढ़ाएं।

कलेक्टर ने राजस्व प्रकरणों की समीक्षा करते हुए कहा कि 1 से 5 वर्ष के लंबित प्रकरणों का प्राथमिकता से निराकरण करने के निर्देश दिये। इसी तरह अविवादित नामांतरण, बंटवारा, सीमांकन आदि प्रकरणों का तेजी से ▸▸ शेष पेज 13 पर

## बाल-बाल बचे राहगीर, सड़क पर बिखरी बोरी से लगा रहा जाम

# उसना चावल से लदा ट्रक पलटा चालक के सिर में आयी गंभीर चोट

**हरिभूमि न्यूज ⏭ गिधौरी**



गिधौरी से सारंगढ़ मार्ग पर महज 6 किलोमीटर की दूरी पर ग्राम खपरीडीह में मंगलवार को करीबन 4 बजे के आसपास उसना चावल से लदा ट्रक ड्राइवर द्वारा लहराते हुये वाहन चला रहा था, जो देखते ही देखते पलट गया। इस घटना में ट्रक चालक के सिर में गंभीर चोट पहुंची है। वहीं गुजर रहे राहगीर भी बाल बाल बचे। ट्रक चालक को बाहर निकालकर तत्काल एम्बुलेंस से शिवरीनारायण शबरी हास्पिटल में भर्ती कराया गया है, जहां इलाज जारी है।

> ट्रक चालक शराब के नशे में धुत था, 100 मीटर की दूरी से लहराते हुए वाहन चलाते देखा गया

मिली जानकारी के अनुसार रायगढ़ खरसिया से ट्रक क्रमांक सीजी 04 एमएन 4321 के चालक छन्नुलाल कुर्रे ग्राम पंचायत कुरवरा जिला बेमेतरा निवासी ने 14 चक्का ट्रक में उसना चावल भरकर रायपुर जा रहा था और ग्राम खपरीडीह में शराब के नशे में तेज रफ्तार से वाहन को चला रहा था। 100 मीटर तक ट्रक लहराते हुए सड़क के बीचों बीच अनियंत्रित होकर पलट गया, जहां दोनों तरफ वाहनों की लंबी लाइन लग गई, जिससे आवागमन बाधित हो गया। ट्रक चालक को किसी तरह बाहर निकाला गया और आनन फानन में एम्बुलेंस से शिवरीनारायण शबरी हास्पिटल में भर्ती कराया गया है। बताया जा रहा है कि ट्रक चालक अत्यधिक शराब सेवन किया था और ट्रक को लापरवाही एवं तेज गति से लहराते हुए चला रहा था। वहीं पर राहगीरों का आना जाना हो रहा था और ट्रक पलटने से राहगीर बाल-बाल बचे।

घटना की जानकारी गिधौरी थाने में दी गई तथा मौके पर पहुंचे गिधौरी पुलिस द्वारा आवागमन को बहाल किया गया और मोटर मालिक रायपुर निवासी को मोबाइल के माध्यम से घटना की जानकारी दी गई। ट्रक पलटने से उसना चावल की बोरी दूर-दू तक बिखर गयी। गिधौरी पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

# पुलिस ने खोज निकाला चोरी किए 417 मोबाइल



**हरिभूमि न्यूज ⏭ बलौदाबाजार**



जिला पुलिस द्वारा समाधान अभियान चलाकर 417 मोबाईल रिकवर किया गया है, जिसकी कीमत 3 लाख रुपए आंकी गई।

पुलिस टीम द्वारा जांजगीर-चांपा, बिलासपुर, कोरबा, महासमुंद, रायपुर, अंबिकापुर आदि जिले से मोबाइल रिकवर किया गया।

> ■ पुलिस ने मोबाइल उनके वास्तविक मालिकों को सौंपा

अभियान में पुलिस टीम द्वारा जांजगीर-चांपा, बिलासपुर, कोरबा, महासमुंद, रायपुर, रायगढ़, अंबिकापुर, सूरजपुर, सारंगढ़-बिलाईगढ़ आदि जिलों के सांथ-सांथ दीगर महाराष्ट्र, झारखंड, ओडिशा, मध्यप्रदेश, बिहार आदि राज्यों से भी मोबाइल रिकवर किया गया है। मोबाइल चोरी होने की शिकायत जिले के विभिन्न थाने में दर्ज थी। मोबाइल प्राप्त होने पर उनके मालिकों के सुपूर्द किया गया। मंगलवार को दोपहर 12.30 बजे पुलिस अधीक्षक भावना गुप्ता, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अभिषेक सिंह एवं एसडीओपी बलौदाबाजार अपूर्वा क्षत्रिय द्वारा पुलिस कम्युनिटी हॉल सभी मोबाइलों को उनके मालिकों के सुपुर्द किया गया।

कार्यक्रम के दौरान साइबर ठगी एवं उनसे बचाव के उपाय एवं वर्तमान समय में साइबर ठगों द्वारा अपनाये जा रहे नए-नए तरीकों के संबंध में भी विस्तृत जानकारी दी गई।

# चलती ट्रेन में यात्री की मौत

**हरिभूमि न्यूज ⏭ भाटापारा**

बिलासपुर से हापा जाने वाली सुपरफास्ट एक्सप्रेस में सोमवार को एक हृदयविदारक घटना सामने आई। ट्रेन के एसी कोच में सफर कर रहे एक बुजुर्ग यात्री की अचानक तबीयत बिगड़ने से मौत हो गई। आशंका जताई जा रही है कि यात्री की मृत्यु हार्ट अटैक के कारण हुई है। भाटापारा के स्टेशन मास्टर अजय सिंह ने बताया कि सोमवार दोपहर 12.30 बजे बिलासपुर हापा जाने वाली सुपरफास्ट एक्सप्रेस में बिलासपुर से सफर कर रहे नरेन्द्र तेजानी 65 वर्ष एसी 2 में सफर कर रहे थे। बिलासपुर से ट्रेन छूटते ही उनकी तबियत अचानक बिगड़ गई और भाटापारा रेलवे स्टेशन आने के पूर्व उनकी मृत्यु हो गई। इसकी जानकारी टीटी स्टाफ ने कंट्रोल रूम व भाटापारा स्टेशन मास्टर को दी। भाटापारा में ट्रेन रूकने के बाद उसे उतारा गया और निकट के अस्पताल लेकर गये, जहां डाक्टर ने मृत घोषित कर दिया। अजय सिंह ने बताया ट्रेन बिलासपुर से छूटते ही वह बेहोश हो गया, यहां ट्रेन पहुंचने के बाद जीआरपी, आरपीएफ व रेल्वे स्टाफ ने उसे उतारा। संभावना जतायी जा रही है कि यात्री की मौत हार्ट अटैक से हुई है।

# 40 पौवा शराब जब्त दो कोचिया गिरफ्तार

**हरिभूमि न्यूज ⏭ संडी बंगला**



समाधान सेल की सूचना पर पलारी पुलिस ने अवैध शराब बेचते दो शराब कोचिया को गिरफ्तार किया।उनके कब्जे से 40 पौवा देशी मसाला शराब जब्त की गई।

जानकारी के अनुसार 2 फरवरी को समाधान सेल हेल्पलाइन पर ग्राम मुड़पार में अवैध रूप से शराब बिक्री की सूचना पुलिस को मिली। सूचना की तस्दीक के बाद थाना पलारी पुलिस टीम ने मौके पर घेराबंदी कर कार्रवाई करते हुए दोनों आरोपियों को शराब के साथ गिरफ्तार किया। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से 4000 कीमत की 40 पौवा देशी मसाला शराब एवं बिक्री रकम 1025 जब्त की। आरोपियों के विरुद्ध थाना ▸▸ शेष पेज 13 पर

# हत्या के दो आरोपी जेल भेजे गए

**हरिभूमि न्यूज ⏭ सिमगा**



ग्राम कामता चितावर मेला में एक युवक की हत्या के दो आरोपियों को पुलिस ने मंगलवार को गिरफ्तार कर जेल भेजा है। दोनों आरोपियों ने हत्या करना कबुल किया। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक बलौदाबाजार हेमसागर सिदार एवं नगर निरीक्षक लखेश केंवट ने पत्रकारों को बताया कि 1 फरवरी को शाम 7.30 के समय चितावर धाम ग्राम कामता में माघी पुन्नी मेला का आयोजन किया गया था। इस दौरान आरोपियों हेमंत यादव द्वारा अपने अन्य साथियों के साथ मिलकर लोहे के कड़ा एवं चाकू से प्राण घातक वार करते हुए राहुल यादव 20 वर्ष निवासी ग्राम केसदा के साथ गंभीर रूप से मारपीट किया ▸▸ शेष पेज 13 पर



## लिमतरा से सिमगा के मध्य हुई गंभीर सड़क घटनाओं के घटनास्थल का किया निरीक्षण

# रायपुर-बिलासपुर नेशनल हाईवे ब्लैक स्पॉट का निरीक्षण करने पहुंची पुलिस की संयुक्त टीम

**हरिभूमि न्यूज ⏭ बलौदाबाजार**



राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह-2026 कार्यक्रम के अंतर्गत पुलिस अधीक्षक भावना गुप्ता के निर्देशानुसार, उप पुलिस अधीक्षक यातायात संजय कुमार साहू द्वारा नेशनल हाईवे क्रमांक 130 में दुर्घटना के मामलों में कमी लाने 3 फरवरी को रायपुर-बिलासपुर एनएचएआई 130 में भारत सरकार सड़क परिवहन एवं राष्ट्रीय राजमार्ग मंत्रालय द्वारा परिभाषित विगत 3 वर्ष 2023, 2024 एवं 2025 में घटित दुर्घटनाओं के आधार पर चिन्हाऊ ब्लैक स्पॉट एवं ग्रे स्पॉट में दुर्घटनाओं के कारण एवं उसमें कमी लाने के लिए एनएचएआई, पीडब्ल्यूडी, आरटीओ के अधिकारियों के साथ ब्लैक स्पॉट लिमतरा मोड़, दरचुरा मोड़, चंदेरी ओवरब्रिज, बनसाकरा एवं तिल्दा ओवर ब्रिज का संयुक्त निरीक्षण किया गया।

निरीक्षण में दुर्घटनाओं के कारण के आधार पर एवं तकनीकी टीम द्वारा रोड में बदलाव, संकेतक, रोड डायवसन, प्रकाश व्यवस्था, रोड मार्किंग पेंट, बुल नोज, रम्बल स्ट्रीप, सोलर स्टट, पोलार्ड पाइप को दुरुस्त करने पर जोर दिया गया, जिन्हें उक्त सुधार अविलंब कराने की हिदायत दी गई है। साथ ही सिमगा नगर में सिटी सर्विलांस कैमरों के माध्यम से रोड में नो-पार्किंग जोन पर अपनी गाड़ी खड़ी करने वाले चालकों पर प्रभावी कार्रवाई करने प्रभारी यातायात सिमगा को निर्देशित किया गया। निरीक्षण में टीम के साथ थाना सिमगा, यातायात सिमगा, पुलिस सहायता केंद्र लिमतरा की टीम उपस्थित रही।

# सुरक्षा मानकों के अनुपालन में कारखानों को कराना होगा सेफ्टी ऑडिट

**हरिभूमि न्यूज ⏭ बलौदाबाजार**




तहसील भाटापारा अंतर्गत ग्राम बकुलाही स्थित रियल इस्पात एंड एनर्जी प्लांट में विगत माह घटित औद्योगिक दुर्घटना को दृष्टिगत रखते हुए कलेक्टर दीपक सोनी ने जिले में स्थित सभी औद्योगिक प्रतिष्ठानों में सेफ्टी ऑडिट कराना अनिवार्य कर दिया है। उन्होंने कारखाना प्रबंधकों को सेफ्टी ऑडिट रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिये हैं।

जारी आदेशानुसार मेसर्स-अल्ट्राटेक सीमेंट लिमिटेड ग्राम-रावन, मेसर्स-अल्ट्राटेक सीमेंट लिमिटेड ग्राम-हिरमी, मेसर्स-अल्ट्राटेक सीमेंट लिमिटेड ग्राम-सेमराडीह, मेसर्स-अंबुजा सीमेंट लिमिटेड ग्राम-रवान, मेसर्स अंबुजा सीमेंट लिमिटेड, ग्राम-रवान, मेसर्स-नु विस्टा लिमिटेड, ग्राम-रिसदा, मेसर्स-श्री रायपुर सीमेंट प्लांट ग्राम-खपराडीह, मेसर्स-न्यूवोको विस्टास कॉर्पोरेशन लिमिटेड ग्राम-रसेड़ा, मेसर्स-ए.पी.एल. ▸▸ शेष पेज 13 पर

## खबर संक्षेप

### दो दिवसीय कबीर सत्संग ज्ञान समारोह 5 से



**बिरकोनी।** ग्राम अछरीडीह बाजार चौक में दो दिवसीय कबीर सत्संग ज्ञान समारोह का शुभारंभ 5 फरवरी गुरुवार को होगा। संगीतमय साध्वी ज्योति साहेब अपने सन्त मंडली के साथ साध्वी आश्रम सुठालिया जिला-राजगढ़ मध्यप्रदेश वाले द्वारा किया जाएगा। एवं साथ ही भजन मंडलीय भी अपना प्रस्तुती देंगे। कार्यक्रम 5 व 6 फरवरी को प्रातः 10 बजे से 1 बजे तक और शाम 3 से 5 बजे तक चलेगा। इस अवसर पर क्षेत्र के समस्त कबीर पंथी श्रद्धालुओं की उपस्थिति रहेगी। सभी ग्रामीणों को उपस्थित होने की अपील की है। उक्त जानकारी उपसरपंच आकाश निषाद ने दी।

### बजट स्वास्थ्य क्षेत्र के लिए ऐतिहासिक : मुकेश



**खरोरा।** संवेदना समूह खरोरा के सदस्य मुकेश चंद्राकर ने कहा कि केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा प्रस्तुत केंद्रीय बजट 2026 देश के चिकित्सा एवं स्वास्थ्य क्षेत्र के लिए एक ऐतिहासिक बजट है। उन्होंने कहा कि यह बजट देश की स्वास्थ्य व्यवस्था को मजबूत, आधुनिक और सर्वसुलभ बनाने की दिशा में एक मील का पत्थर साबित होगा। चंद्राकर ने बताया कि बजट में औषधि प्रशिक्षण शालाओं की स्थापना का निर्णय दवा निर्माण, अनुसंधान और गुणवत्ता सुधार में अहम भूमिका निभाएगा। वहीं आयुष सेक्टर को सशक्त करते हुए तीन नए अखिल भारतीय आयुर्वेद संस्थानों की स्थापना से पारंपरिक चिकित्सा पद्धतियों को वैश्विक पहचान मिलेगी।

### लापरवाही के चलते शिक्षक निलंबित

**झलप।** प्राथमिक विद्यालय कमार डेरा ( जोरा) में पदस्थ सहायक शिक्षक (एलबी) अशोक कुमार ठाकुर को जिला शिक्षा अधिकारी विजय कुमार लहरे द्वारा निलंबित किया गया है। ज्ञात हो पूर्व में भी कई बार अनुपस्थित को लेकर नोटिस जारी किया गया था। वर्तमान में कई दिनों से अनुपस्थित की शिकायत की जांच विकासखंड शिक्षा अधिकारी लीलाधर सिन्हा ने जांच में पाया कि अशोक कुमार ठाकुर 20 सितंबर 2025 से स्कूल में बिना सूचना के अनुपस्थित थे और नोटिस का भी जवाब भी नहीं दिया गया। इस पर उन्होंने उनके निलंबन करने की अनुशंसा की गई, जिस पर जिला शिक्षा अधिकारी ने यह कार्रवाई की गई।

### स्वाध्याय भवन में कराया जा रहा निःशुल्क योगाभ्यास

**महासमुंद।** कॉलेज रोड स्थित स्वाध्याय भवन में इन दिनों निःशुल्क योग शिविर का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें नागरिक उत्साहपूर्वक भाग ले रहे हैं। शिविर में पतंजलि योग समिति के राज्य कार्यकारिणी सदस्य तिलक साव एवं भारत स्वाभिमान मंच के जिलाध्यक्ष रमेश चंद्र राय द्वारा प्रतिदिन योगाभ्यास कराया जा रहा है। शिविर में लोगों को योगासन एवं प्राणायाम का नियमित अभ्यास कराया जा रहा है, साथ ही उनके शारीरिक एवं मानसिक स्वास्थ्य पर पड़ने वाले सकारात्मक प्रभावों की विस्तृत जानकारी भी दी जा रही है।

# मनरेगा बचाने खल्लारी के गांवों में चला जनजागरुकता अभियान

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| बागबाहरा**

- खल्लारी विधायक यादव ने ग्रामीणों से संवाद की चर्चा

मनरेगा बचाओ संग्राम के तहत जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष व खल्लारी विधायक द्वारिकाधीश यादव की अगुवाई में कांग्रेस ने खल्लारी विधानसभा क्षेत्र के ग्रामों में जन जागरूकता अभियान चलाकर ग्रामीणों से सीधे संवाद किया। इस दौरान मनरेगा को कमजोर कर धीरे-धीरे समाप्त करने की कथित साजिश के बारे में जानकारी दी।

उन्होंने कांग्रेस सरकार के कार्यकाल में लागू मजबूत मनरेगा और भाजपा सरकार के दौरान कमजोर किए गए मनरेगा के अंतर को ग्रामीणों को बारीकी से समझाते हुए कहा कि मनरेगा के तहत ग्रामीण परिवारों को काम की कानूनी गारंटी प्राप्त थी, जिसके अनुसार काम मांगने पर 15 दिनों के भीतर रोजगार उपलब्ध कराना अनिवार्य था, लेकिन भाजपा सरकार द्वारा किए गए संशोधनों से यह अधिकार समाप्त होने की कगार पर है। उन्होंने आरोप लगाया कि अब मनरेगा सरकार की मर्जी से बांटी जाने वाली योजना बनती जा रही है, जिसमें यह तय किया जाएगा कि किस ग्राम पंचायत को काम मिलेगा और किसे नहीं। कांग्रेस जिलाध्यक्ष यादव ने कहा कि पहले मनरेगा का अधिकांश खर्च केंद्र सरकार वहन करती थी और राज्यों पर मात्र 10 प्रतिशत का भार था, लेकिन अब यह बढ़ाकर 40 प्रतिशत कर दिया गया है, जिससे राज्य सरकार पर अतिरिक्त बोझ पडेगा। उन्होंने ग्रामीणों से संगठित होकर अपने अधिकारों की लड़ाई लड़ने का आह्वान किया और कहा कि कांग्रेस पार्टी सड़क से लेकर संसद तक उनके साथ खड़ी रहेगी।

## जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष की अगुवाई में कांग्रेसजनों ने ग्रामीणों से किया संवाद

### मनरेगा को खत्म करने की साजिश

मनरेगा बचाओ संग्राम अभियान के तहत जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष द्वारिकाधीश यादव सहित कांग्रेसजनों ने ग्राम परसुली और खट्टी में जन जागरूकता अभियान चलाया। इस अवसर पर जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष व विधायक यादव ने ग्रामीणों, मजदूरों और महिलाओं को भाजपा सरकार द्वारा मनरेगा को कमजोर कर धीरे-धीरे समाप्त करने की कथित साजिश के बारे में जानकारी दी।



### कांग्रेसी उपस्थित रहे

इस दौरान प्रमुख रूप से भूपेंद्र ठाकुर, मंडल अध्यक्ष किशोर चतुर्वेदी, पूर्व विधानसभा अध्यक्ष युवा कांग्रेस उत्तम राणा, पूर्व ब्लाक अध्यक्ष संतोष पटेल, युवा कांग्रेस ब्लाक अध्यक्ष आकाश चंद्राकर, तूफान दीवान, पोखन महानंद, एनू पांडे, दिगंबर देवांगन, गोलू साहू, भीष्मप्रताप साहू सहित परसुली में सरपंच जलसिंह पांडे, कैलाश पटेल, हरख चक्रधारी, कौशिक चक्रधारी, पूरन तांडी, बच्चूलाल यादव, कपूरचंद उपस्थित थे।

## आंदोलन : तहसील कार्यालय के सामने डटे किसान

# धान खरीदी नहीं होने से किसानों का धरना दूसरे दिन भी जारी रहा





**हरिभूमि न्यूज ▶▶| पिथौरा(ग्रामीण)**

समर्थन मूल्य पर धान खरीदी नहीं होने के विरोध में किसानों का धरना मंगलवार को दूसरे दिन भी जारी रहा। तहसील कार्यालय के सामने सैकड़ों किसान अपनी मांगों को लेकर डटे रहे। धरने के समर्थन में जिला स्तर के किसान नेता जुगनू चंद्राकर, प्रदेश महासचिव भारतीय किसान यूनियन टिकैत तेजराम विद्रोही और किसान संगठन सिफ़ा नेशनल सेक्रेट्री पारसनाथ साहू पिथौरा पहुंचे और किसानों को संबोधित कर उनका हौसला बढ़ाया।

किसान नेताओं ने कहा कि बड़ी संख्या में किसानों का धान नियमानुसार नहीं खरीदा गया। किसानों ने पहले शासन-प्रशासन से लगातार धान खरीदी की मांग की, लेकिन जब मांग पूरी नहीं हुई तो सोमवार से किसान तहसील कार्यालय के सामने धरने पर बैठ गए।

इस बीच किसान नेता सादराम पटेल ने स्थानीय थाना प्रभारी पर किसानों को धमकाने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि धरनास्थल से टेंट उखाड़कर जब्त करने की धमकी दी जा रही है। धरने को समर्थन देने पहुंचे किसान नेता जुगनु चंद्राकर, तेजराम विद्रोही और पारसनाथ साहू ने घोषणा की कि बुधवार से जिला मुख्यालय में भी किसान अनिश्चितकालीन धरना की शुरुआत करेंगे। अगले चरण में मुख्यमंत्री निवास के घेराव का भी कार्यक्रम तय किया जाएगा।

### धरनास्थल बना संघर्ष का प्रतीक, चूल्हा जलाकर किसानों ने जताई एकजुटता

धरनास्थल पर बैठे किसानों ने आंदोलन के दौरान वहीं सामूहिक रूप से खाना बनाकर भोजन किया। किसानों का कहना है कि जब तक उनकी मांगें पूरी नहीं होतीं, तब तक वे धरनास्थल नहीं छोड़ेंगे। चूल्हा जलाकर, बर्तनों में दाल-चावल पकाकर और एक-दूसरे के साथ भोजन करते हुए किसानों ने एकजुटता का संदेश दिया। उनका कहना है कि यह आंदोलन सिर्फ धान खरीदी का नहीं, बल्कि उनके सम्मान और अधिकार की लड़ाई है, जिसे वे हर हाल में शांतिपूर्ण तरीके से आगे बढ़ाते रहेंगे।

# देश कभी नहीं भूलेगा कोरोना योद्धाओं का योगदान : केशव

- स्वास्थ्य संयोजक कर्मचारी संघ की ब्लाक कार्यकारिणी का गठन संगठन कैलेंडर का विमोचन



**हरिभूमि न्यूज ▶▶| बागबाहरा**

स्वास्थ्य संयोजक कर्मचारी संघ की ब्लाक कार्यकारिणी का गठन एवं संगठन कैलेंडर विमोचन कार्यक्रम 28 जनवरी को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बागबाहरा में गरिमामय वातावरण में संपन्न हुआ। कार्यक्रम में स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी कर्मचारियों की बड़ी उपस्थिति रही।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जनपद पंचायत बागबाहरा के अध्यक्ष केशव नायकराम चंद्राकर रहे। विशिष्ट अतिथियों में जनपद सदस्य भूपेंद्र दीवान, सरपंच एडिसन ठाकुर, गिरीश पटेल, खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ बीएस बढ़ई, बीपीएम हेमकुमार सोनकर, राजेंद्र पैकरा सहित अनेक गणमान्यजन मंचासीन रहे।

इस अवसर पर स्वास्थ्य संयोजक कर्मचारी संघ की नवीन ब्लाक कार्यकारिणी का गठन किया गया, जिसमें चंद्र कुमार तांडे को ब्लाक अध्यक्ष नियुक्त किया गया। साथ ही संगठन के संरक्षक मनोज गायकवाड़, अगेश कुमार यादव, रुपेश पटेल, महेश राम निर्मलकर तथा महिला प्रकोष्ठ की ब्लाक अध्यक्ष मालती यादव सहित अन्य पदाधिकारियों की उपस्थिति उल्लेखनीय रही।

मुख्य अतिथि केशव नायकराम चंद्राकर ने कहा कि स्वास्थ्य संयोजक कर्मचारी संघ समाज के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। उन्होंने कहा कि संगठन जब भी जनहित और कर्मचारियों के हित में सहयोग की अपेक्षा करेगा, वे हमेशा मजबूती से उसके साथ खड़े रहेंगे। चंद्राकर ने कहा कि जब पूरा देश कोरोना काल में भय और अनिश्चितता के दौर से गुजर रहा था, तब स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारियों ने अपनी जान की परवाह किए बिना जनता की सेवा की। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य कर्मी उस समय केवल कर्मचारी नहीं, बल्कि समाज के लिए सच्चे योद्धा बनकर खड़े थे। उन्होंने संगठन से आह्वान किया कि एकजुट होकर कर्मचारियों की समस्याओं को मजबूती से उठाएं और स्वास्थ्य सेवाओं को और बेहतर बनाने में योगदान दें। कार्यक्रम के अंत में संगठन के भविष्य की कार्ययोजना पर चर्चा की गई तथा सभी उपस्थित अधिकारियों और कर्मचारियों ने संगठन को मजबूत बनाने और जनसेवा के संकल्प को आगे बढ़ाने का संकल्प लिया। कार्यक्रम सौहार्दपूर्ण और सकारात्मक वातावरण में संपन्न हुआ।

# जीत-हार से बड़ी होती है खेल भावना : द्वारिकाधीश यादव

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| बागबाहरा**

खल्लारी विधायक व पूर्व संसदीय सचिव द्वारिकाधीश यादव ने ग्राम हिच्छा में आयोजित कबड्डी प्रतियोगिता का शुभारंभ किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक व पूर्व संसदीय सचिव द्वारिकाधीश यादव थे। पूजा अर्चना के बाद विधायक यादव ने कबड्डी प्रतियोगिता का विधिवत शुभारंभ हुआ।



विधायक यादव ने कहा कि शारीरिक एवं मानसिक विकास के लिए खेल बहुत आवश्यक है, लेकिन खेल के साथ ही पढ़ाई भी बहुत जरूरी है। उन्होंने कहा कि खेल में जीत-हार से ज्यादा महत्वपूर्ण है खेल भावना। इसलिए प्रतिभागियों को खेल भावना के साथ खेलना चाहिए। उन्होंने कहा कि कबड्डी का खेल हमारी छत्तीसगढ़ की पारंपरिक खेल है जो चुस्ती फुर्ती के साथ-साथ एकता की भावना का खेल है। कबड्डी के रेडर खिलाड़ी के द्वारा कबड्डी.. कबड्डी बोलने से खेल में जोश आ जाता है, जिसमें खिलाड़ी अपने खेल दिखाते हुए अपनी टीम को विजयी बनाने के लिए अपना सर्वस्व निछावर करते हैं। आने वाला समय में अनेक खिलाड़ी कबड्डी के खेल में क्षेत्र का नाम रोशन करेंगे। इसके पहले विधायक यादव ने खिलाड़ियों से मिलकर उनका परिचय लिया और उनका उत्साहवर्धन किया।

इस अवसर पर प्रमुख रूप से अमरू राम, प्रह्लाद साहू, शेरसिंग यादव, कुंती तुलसी, संतोष चंद्राकर, संजीव चंद्राकर, अरविंद महानंद, भूपेंद्र साहू, चन्द्रशेखर यादव, सन्नी साहू, शिवम साहू, खेमराज साहू, धरम, संतोष साहू, मेहत्तर, सोमनाथ, संजय चंद्राकर, हरख राम, डिगू यादव, पावेश साहू, कुणाल साहू सहित बड़ी संख्या में ग्रामवासी मौजूद थे।

# शिक्षा के साथ संस्कृति और खेल जरूरी, तभी होगा सर्वांगीण विकास : डॉ. संपत अग्रवाल

## बंसुला के किड्स एजुकेशनल इंस्टीट्यूशन में वार्षिकोत्सव की धूम

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| बसना**

बसना विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले ग्राम बंसुला में स्थित किड्स एजुकेशनल इंस्टीट्यूशन इंग्लिश मीडियम स्कूल में वार्षिक उत्सव समारोह का भव्य आयोजन संपन्न हुआ। इस गरिमामयी कार्यक्रम में क्षेत्रीय विधायक डॉ. संपत अग्रवाल मुख्य अतिथि के रूप में सम्मिलित हुए।

कार्यक्रम का शुभारंभ विधायक डॉ. संपत अग्रवाल द्वारा विद्या की देवी मां सरस्वती के तैलचित्र पर माल्यार्पण, दीप प्रज्ज्वलन और विधिवत पूजा-अर्चना के साथ किया गया। इसके उपरांत स्कूली बच्चों द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी गई, जिसने उपस्थित जनसमूह का मन मोह लिया। समारोह को संबोधित करते हुए विधायक डॉ. संपत अग्रवाल ने शिक्षा के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने अपने उद्बोधन में कहा कि शिक्षा केवल किताबी ज्ञान तक सीमित नहीं होनी चाहिए। एक विद्यार्थी के सर्वांगीण विकास के लिए शिक्षा के साथ-साथ सांस्कृतिक एवं खेलकूद की गतिविधियां अत्यंत अनिवार्य हैं। ऐसी गतिविधियों से बच्चों के भीतर छिपी प्रतिभा बाहर आती है और उनका आत्मविश्वास बढ़ता है।



विधायक डॉ. अग्रवाल ने छात्र-छात्राओं का उत्साहवर्धन करते हुए उन्हें लक्ष्य प्राप्ति के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि विद्यार्थी जीवन ही वह समय है जब आप अपने भविष्य की नींव रखते हैं। आप केवल पढ़िए मत, बल्कि सीखिए। कड़ा परिश्रम और अनुशासन ही आपको सफलता के शिखर तक ले जाएगा। आने वाला समय तकनीक और नवाचार का है, इसलिए स्वयं को हर क्षेत्र में दक्ष बनाएं।

कार्यक्रम के दौरान विधायक ने शिक्षा और अन्य क्षेत्रों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को पुरस्कार वितरित कर सम्मानित किया। उन्होंने स्कूल प्रबंधन के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि ग्रामीण अंचल में इस तरह के शिक्षण संस्थान बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान कर क्षेत्र के भविष्य को गढ़ रहे हैं।

इस अवसर पर कबीर कुटी तरेकेला महंत लखन मुनि, कथावाचिका अयोध्या ज्योति शास्त्री, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष नोबिना अमृत जगत, डायरेक्टर नीलू आर। के दास, जनपद बसना सभापति प्रकाश सिन्हा, प्रदेश अध्यक्ष पत्रकार संघ सेवक दास दीवान, वरिष्ठ पत्रकार बीएल दास, साहू समाज अध्यक्ष महेंद्र साव, पूर्व अध्यक्ष साहू समाज पंकज साव, सत्यप्रकाश श्रीवास्तव, सेवानिवृत्त शिक्षक आरबी प्रधान, निज सचिव नरेंद्र बोरे, बीआरसीसी बसना अनिल सिंह, प्रबंधक सहकारी बैंक अमृत लाल जगत, पत्रकार एवं डायरेक्टर ऋषिकेश दास, विवेक दास, सभापति अभय धृतलहरे, जनपद सदस्य प्रतिनिधि ऋषिकेश पटेल, प्राचार्य भागवली जगत, बंसुला सरपंच नवीन साहू, स्कूल के प्राचार्य, शिक्षक गण, भारी संख्या में अभिभावक और स्थानीय जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में विद्यालय परिवार द्वारा मुख्य अतिथि का आभार व्यक्त किया गया।

## राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई का शिविर जोगनीपाली में लगाया गया

# नशामुक्ति को लेकर स्वयंसेवकों ने दी आकर्षक प्रस्तुति

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| सरायपाली**

राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) इकाई द्वारा जोगनीपाली में आयोजित विशेष शिविर के चौथे दिवस पर भव्य सांस्कृतिक संध्या का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम सामाजिक जागरूकता, युवा शक्ति और सांस्क तिक अभिव्यक्ति का सुंदर संगम बना। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में डॉ. अनीता चौधरी, समाजसेविका एवं राष्ट्रीय सदस्य, मानवाधिकार आयोग की गरिमामयी उपस्थिति रही। उनके साथ विशिष्ट अतिथि के रूप में मनोहर खाखा, पूर्व जनपद अध्यक्ष, उपस्थित रहे। कार्यक्रम बेहद ही उत्साहपूर्वक वातावरण, सहभागिता और सामाजिक एकजुटता से भरा था। इस विशेष शिविर का मुख्य उद्देश्य केवल सेवा गतिविधियाँ करना नहीं, बल्कि सामाजिक बुराइयों के विरुद्ध जनजागरूकता फैलाना भी है। इसी क्रम में सांस्कृतिक संध्या का प्रमुख विषय नशामुक्ति अभियान रखा गया।




स्वयंसेवकों ने गीत, नाटक, लोकनृत्य और नुक्कड़ प्रस्तुतियों के माध्यम से शराब, तंबाकू और अन्य नशीले पदार्थों के दुष्परिणामों को न प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किया। ग्रामीणों ने इन प्रस्तुतियों को बड़े ध्यान से देखा और संदेश को सराहा। मुख्य अतिथि डॉ. अनीता चौधरी ने अपने उद्बोधन में कहा कि एनएसएस का मूल मंत्र नाट मी बट यू समाज सेवा की सच्ची भावना को दर्शाता है। उन्होंने युवाओं की भूमिका को रेखांकित करते हुए कहा कि आज के विद्यार्थी केवल शिक्षार्थी नहीं, बल्कि समाज के पथप्रदर्शक हैं। जब युवा नशामुक्ति, स्वच्छता, शिक्षा और जागरूकता जैसे अभियानों से जुड़ते हैं, तब समाज में वास्तविक परिवर्तन संभव होता है। नशा एक ऐसी सामाजिक बुराई है जो व्यक्ति, परिवार और पूरे समुदाय को कमजोर करती है। अनेक परिवार आर्थिक, मानसिक और सामाजिक संकटों से गुजरते हैं। ऐसे में युवाओं द्वारा चलाया जा रहा यह अभियान एक सामाजिक क्रांति के समान है। उन्होंने स्वयंसेवकों से आह्वान किया कि वे केवल शिविर तक सीमित न रहें, बल्कि जीवनभर समाजसेवा को अपना संकल्प बनाएं।

इस प्रकार के शिविर ग्रामीण क्षेत्रों में जागरूकता लाने का प्रभावी माध्यम हैं। उन्होंने विद्यार्थियों से आग्रह किया कि वे शिक्षा के साथ-साथ सामाजिक जिम्मेदारियों को भी समझें और गांव के विकास में भागीदार बनें। सांस्कृतिक प्रस्तुतियों में स्थानीय लोकसंस्कृति की झलक भी देखने को मिली। आदिवासी लोकनृत्य, देशभक्ति गीत और सामाजिक संदेश से भरपूर लघु नाटकों ने दर्शकों को भावुक और प्रेरित किया।

## सिरपुर महोत्सव में विकसित भारत–विकसित कक्षा पर शैक्षणिक स्टॉल आकर्षण का केंद्र




**तेंदूकोना।** सिरपुर महोत्सव 2025 के अवसर पर बागबाहरा विकासखंड के चार नवाचारी शिक्षकों डॉ विजय शर्मा, रिंकल बग्गा, अमित कुमार उइके एवं दीपा महार द्वारा विकसित भारत–विकसित कक्षा विषय पर एक प्रेरणादायी शैक्षणिक स्टॉल का आयोजन किया गया। इस स्टॉल का उद्देश्य विद्यालयी शिक्षा में गुणवत्ता, नवाचार एवं बच्चों के सर्वांगीण विकास को प्रदर्शित करना था। स्टॉल में अनुभव आधारित शिक्षा, गतिविधि व खेल-आधारित शिक्षण, फाउंडेशनल लिटरेसी एवं न्यूमेरेसी, डिजिटल शिक्षण संसाधनों तथा 21वीं सदी के कौशलों पर आधारित मॉडल, चार्ट एवं शिक्षण सामग्री प्रदर्शित की गई। इन नवाचारों के माध्यम से यह दर्शाया गया कि कक्षा को कैसे रुचिकर, प्रभावी और बाल-केंद्रित बनाया जा सकता है। स्टॉल में माई फीली बैग गतिविधि का आयोजन किया गया। इस गतिविधि का उद्देश्य बच्चों में रचनात्मक का विकास करना है। इसमें न सिर्फ बच्चों ने बल्कि मेले में उपस्थित अधिकारियों, शिक्षकों, पालकों ने भी भाग लिया। गतिविधि पूर्ण करने पर प्रोत्साहन हेतु एक चॉकलेट दी गई।

## खबर संक्षेप

### पटवारी कार्यालय से राजस्व दस्तावेज चोरी

**महासमुंद।** पटवारी कार्यालय से राजस्व दस्तावेज चोरी होने का मामला सामने आया है। मामले में पटवारी की रिपोर्ट पर तेंदूकोना थाने में अज्ञात आरोपी के विरूद्ध जुर्म दर्ज कर विवेचना में लिया गया है। पुलिस को जितेंद्र कुमार तावरकर ने बताया कि वह हल्कु नंबर 21 में पटवारी के पद पर पदस्थ है और उसके पास हल्का नं 16 मुख्यायलय घोंच का अतिरिक्ता प्रभार भी है। वह अतिरिक्तप प्रभार मुख्या लय घोंच को में 20 जनवरी को काम करने बाद शाम करीबन 5 बजे बंद किया था। इसके बाद उसने 31 जनवरी की सुबह करीबन 11 बजे ग्राम घोंच के कोटवार शिवनारायण सोनवानी के साथ मुख्यादलय का दरवाजा का ताला खोलकर अंदर देखा तो अंदर में सामान बिखरा पड़ा था। मिलान करने पर मुख्यादलय में स्थित खसरा पांचशाला खंड 01 वर्ष 2021-22 से वर्ष 2025-26 तक ग्राम घोंच का 03 नग खसरा पांचशाला, ग्राम घोघरा का 02 नग खसरा पांचशाला एवं ग्राम हनुमानडीह का 01 नग खसरा पांचशाला एवं खसरा पांचशाला खंड 02 वर्ष 2021-22 से वर्ष 2025-26 तक ग्राम घोंच का 04 नग खसरा पांचशाला एवं ग्राम हनुमानडीह का 01नग खसरा पांचशाला कुल खंड 01 एवं खंड 02 का 11 नग खसरा पांचशाला नहीं था। उक्त दस्तावेजों को किसी अज्ञात चोर द्वारा मुख्या1लय के पीछे के दरवाजे में लगी कुंडी को तोड़कर कुल 11 नग खसरा पांचशाला को चोरी कर लिया गया।

### मनरेगा बचाओ संग्राम के तहत कल कलेक्टर कार्यालय घेराव

**महासमुंद।** जिला कांग्रेस कमेटी महासमुंद द्वारा केंद्र एवं राज्य सरकार की जनविरोधी नीतियों के खिलाफ "मनरेगा बचाओ संग्राम" के तहत 5 फरवरी को दोपहर 1 बजे कलेक्टर कार्यालय महासमुंद का घेराव एवं धरना-प्रदर्शन किया जाएगा। यह जानकारी देते हुए जिला कांग्रेस कमेटी महासमुंद के अध्यक्ष एवं खल्लारी विधायक द्वारिकाधीश यादव ने बताया कि मनरेगा जैसी जनकल्याणकारी योजना को कमजोर करने की साजिश के तहत लाए गए वीबी जीरामजी विधेयक को तत्काल वापस लिया जाए तथा मनरेगा को उसके मूल स्वरूप में बहाल किया जाए। उन्होंने कहा कि मनरेगा ग्रामीण गरीबों, मजदूरों और किसानों की आजीविका का सबसे बड़ा सहारा है, लेकिन वर्तमान सरकार द्वारा लगातार इसके बजट, रोजगार दिवस और अधिकारों में कटौती की जा रही है, जिससे ग्रामीण जनता भारी संकट में है। धरना-प्रदर्शन के पश्चात कलेक्टर के माध्यम से महामहिम राज्यपाल के नाम ज्ञापन सौंपा जाएगा।

### ग्रामीणों को सौर ऊर्जा से जोड़ने की पहल, नियमित बिजली बिल भुगतान करने वालों को मिला सम्मान

# विद्युत केंद्र ने सौर पैनल के गिनाये लाभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| खरोरा

विद्युत विभाग कोसरंगी ने छत्तीसगढ़ गठन के 25 वर्ष पूर्ण होने पर रजत महोत्सव मनाय। इसके मुख्य अतिथि जनपद सदस्य एवं सभापति संजय धृतलहरे, अध्यक्षता ग्राम के सरपंच दामिनी राजू मिर्झा, विशिष्ट अतिथि ओबीसी मोर्चा जिला रायपुर ग्रामीण के अध्यक्ष तिलक राम साहू थे। अन्य अतिथियों में तोषण लाल साहू, नेहरू साहू, राजकुमार सोनवानी, गैंद लाल साहू, सुकदेव दास, पंच किसन लाल साहू, कांत सोनवानी, लखन लाल साहू, नंदकुमार सोनवानी, कमलेश साहू, देवेंद्र धीवर, कुमारी साहू ,रूखमणी बघेल, शशी टंडन, जानकी साहु एवं राम साहू विराज मान थे। विद्युत विभाग के ए ई श्रीवास्तव ने प्रधान मंत्री मुफ्त बिजली योजना के बारे में विस्तृत दी। उन्होंने बताया कि सौर पैनल के लिए केंद्र एवं राज्य सरकार से कितना सब्सिडी मिलेगी और कब तक लोन को पटाना है एवं आपके द्वारा सौर पैनल के माध्यम से उत्पादित बिजली को सरकार कैसे लेगी एवं आपके खाते में राशि कैसे आएगी और बिजली उत्पादन कर उपभोक्ता से प्रदाता कैसे बनोगे। इस अवसर पर सौर पैनल लगा चुके उपभोक्ताओं को नियमित हर माह बिजली बिल का भुगतान करने वाले ग्रामीणों को विभाग की ओर से प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया और सभी को बिजली उत्पादन के क्षेत्र में जुड़ने की अपील की गई। इस अवसर पर विभाग के एई सुधीर श्रीवास्तव, जेई ध्रुव, लाइन मेन दिलीप धृतलहरे, गोस्वामी, किशोर सेन सहित विभाग के सभी कर्मचारियों का भरपूर योगदान रहा। सभा का संचालन उपसरपंच प्रतिनिधि जुगेश चंद्रदास ने किया।



### लाहोद विद्युत वितरण केंद्र में छत्तीसगढ़ रजत महोत्सव मना

**लवन।** छत्तीसगढ़ राज्य के गठन के 25 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में 3 फरवरी को लाहोद विद्युत वितरण केंद्र में रजत उत्सव का आयोजन किया गया। सीएस पावर कंपनीज द्वारा 30 जनवरी से 6 फरवरी तक चलने वाले इस विशेष अभियान के तहत लाहोद के विद्युत वितरण केंद्र कार्यालय में सुबह 11 बजे से



कार्यक्रम की शुरुआत की गई। इस उत्सव का मुख्य उद्देश्य छत्तीसगढ़ के गौरवशाली 25 वर्षों की यात्रा का जश्न मनाना और सेवा संस्कृति और समृद्धि के संकल्प को दोहराना साथ ही पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के बारे में विस्तृत जानकारी प्रदान करना एवं छत्तीसगढ़ शासन द्वारा संचालित जन कल्याणकारी विद्युत योजनाओं की जानकारी उपभोक्ताओं तक पहुंचना है। इस अवसर पर कार्यक्रम के मुख्य अतिथि घनाराम पटेल जनपद सदस्य, किशोर साहू सरपंच लाहोद, सतीश डहरिया सरपंच गिंदोला, संजय कुर्रे सरपंच डोटोपार, प्रदीप बंजारे सरपंच चिरपोटा, भारत भूषण साहू, राजेंद्र साहू,महेंद्र डहरिया, रामविलास साहू, मुकेश साहू, भारत पटेल, नकुल साहू, गौतम साहू, हरनारायण वर्मा, मनीष साहू, संजय साहू, रामकुमार सेन, संतराम पैकरा, बिजली विभाग से स्वाति साहू जे ई लाहोद, नंदकुमार सोनवानी, जेई लवन, राजेंद्र टीडी, संतोष लहरे टीडी लाहोद, छबि राम साहू, कामता पटेल, बनवारी बार्वे, मोती राम, विजय, रंजीत, भागीरती, गोरे,शिवा, माहेश्वर सहित सभी कर्मचारी उपस्थित थे।

## गिरौदपुरी में विद्युत विभाग ने मनाया रजत महोत्सव और दी योजनाओं की जानकारी

**गिधौरी।** छत्तीसगढ़ विद्युत बोर्ड गठन के 25 वर्ष पूर्ण होने पर विद्युत विभाग कनिष्ठ कार्यालय गिरौदपुरी द्वारा रजत महोत्सव का आयोजन गिरोदपुरी में किया। इसमें मुख्य अतिथि सत्यभामा साहू जिला महामंत्री भाजपा महिला मोर्चा एवं पुनीराम पटेल जिला भाजपा उपाध्यक्ष एवं विशिष्ट अतिथि नोबेल डहरिया उपसरपंच गिरौदपुरी, नोखराम पटेल कोषाध्यक्ष भाजपा मंडल टूंडरा, वंशराम कुर्रे प्राधिकृत अध्यक्ष समिति गिरोदपुरी, रामकुमार टंडन जनपद सदस्य कसडोल, गजेंद्र पटेल मंडल अध्यक्ष कांग्रेस गिरौदपुरी, जवाहर पटेल वरिष्ठ कांग्रेस नेता, रंजीत पटेल सरपंच दर्रा, राधेश्याम पटेल सरपंच ग्राम पंचायत कौवाताल उपस्थित थे। इस दौरान कनिष्ठ यंत्री द्वारा विभाग की विभिन्न जनहितकारी योजनाओं की विस्तृत जानकारी उपस्थित ग्रामीणों और उपभोक्ताओं को दी गई।

इसमें कृष्ण कुमार पटेल, रामेश्वर प्रसाद पटेल, प्रदीप पुरेना, बसंत कुमार, उमा सांडे, टुकेश्वर साहू फिरतराम केवट, गणेशराम कर्ष, ज्योति आडील, माहेश्वरी केवट हेतराम केवट, गायत्री केवट, दुखुराम, कमलेश कुमार, जनक दुलारी साहू, हेमलाल साहू को प्रमाण पत्र प्रदान किया गया। साथ ही विद्युत सुरक्षा के विषय में भी महत्वपूर्ण जानकारी दी गई। खुले तारों से दूरी बनाए रखने, खराब विद्युत उपकरणों का उपयोग न करने तथा किसी भी प्रकार की विद्युत समस्या होने पर विभाग को तुरंत सूचना देने की सलाह दी गई।

कार्यक्रम के दौरान कुंदन लाल ध्रुव कनिष्ठ यंत्री गिरौदपुरी, विकास कुमार पटेल कनिष्ठ यंत्री गिधौरी, कल्पेश यादव तकनीकी सहायक, विवेक शर्मा कार्यालय सहायक, रमेश कुमार साहू लाइनमैन, कर्मचारी गण, जनप्रतिनिधि एवं ग्रामीणजन इस जागरूकता कार्यक्रम में शामिल थे ।



### प्रधानमंत्री सूर्य घर योजना की दी जानकारी

कार्यक्रम में कनिष्ठ यंत्री गिरौदपुरी द्वारा विशेष रूप से किसान ज्योति योजना एवं वहीं पीएम सूर्य घर योजना के तहत सोलर रूफटॉप लगवाकर बिजली बचत और आर्थिक लाभ प्राप्त करने के बारे में भी विस्तार से समझाया गया। कार्यक्रम में ऊर्जा संरक्षण पर भी विशेष जोर दिया गया। कनिष्ठ यंत्री कुंदन ध्रुव ने बताया कि अनावश्यक बिजली खपत को कम कर न केवल बिल में कमी लाई जा सकती है, बल्कि पर्यावरण संरक्षण में भी योगदान दिया जा सकता है। एलईडी बल्ब, ऊर्जा दक्ष उपकरणों के उपयोग और समय पर स्विच बंद करने जैसी छोटी-छोटी आदतों को अपनाने की अपील की गई। साथ ही रजत जयंती कार्यक्रम के तहत गैर घरेलू उपभोक्ता जिन्होंने पिछले दो वर्षों में नियमित भुगतान किया है एवं कल बत्ती कनेक्शन धारी के रूप में विगत दो वर्षों से निर्धारित कीमत का ही खपत किया है तथा प्रधानमंत्री सूर्य घर योजना मुक्त बिजली योजना का लाभ लेकर बिजली का बचत किए हैं उन्हें रजत महोत्सव के दरमियान प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया।

## जिले में 10 फरवरी से चलेगा राष्ट्रीय फाइलेरिया उन्मूलन अभियान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

राष्ट्रीय फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम के अंतर्गत जिले में 10 से 25 फ़रवरी तक दवा सेवन अभियान स्वास्थ्य विभाग द्वारा चलाया जाएगा। अभियान के दौरान स्वास्थ्य विभाग के कर्मियों द्वारा घर-घर जाकर लोगों को दवा उम्र एवं वजन अनुसार दी



जाएगी, जिनका सेवन स्वास्थ्यकर्मी के सामने करना अत्यंत आवश्यक है। कलेक्टर दीपक सोनी ने जिलेवासियों से दवा सेवन अभियान में सहभागिता की अपील की है।

कलेक्टर अपील में कहा है कि फाइलेरिया या हाथीपांव एक गंभीर, लेकिन पूरी तरह रोकी जा सकने वाली बीमारी है, जो समय पर दवा न लेने पर आजीवन विकलांगता का कारण बन सकती है। निर्धारित तिथि पर दी जा रही दवाइयों का पूरा सेवन



करें, अफवाहों पर ध्यान न दें, स्वास्थ्य कर्मियों का सहयोग करें। अपने परिवार एवं आसपास के लोगों को भी दवा सेवन हेतु प्रेरित करें। आपकी सहभागिता से ही बलौदाबाजार-भाटापारा जिला फाइलेरिया मुक्त बन सकेगा। आइए, हम सभी मिलकर एक स्वस्थ और सशक्त जिले की ओर कदम बढ़ाएं।

## मुड़पार में पांच दिवसीय रामायण का शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| खरोरा

ग्राम मुड़पार में इस वर्ष भी पांच दिवसीय श्री अखंड नवधा रामायण का आयोजन किया जा रहा है। यह आयोजन आदर्श नवयुवक रामायण मंडली एवं समस्त ग्रामवासियों के विशेष सहयोग से हो रहा है। कार्यक्रम का शुभारंभ मंगलवार को हुआ। आयोजक समिति ने क्षेत्र के श्रद्धालुओं, गणमान्य नागरिकों एवं जनप्रतिनिधियों से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर रामचरितमानस के संगीतमय पाठ का रसपान करने की अपील की है। आयोजन के पहले दिन दीप प्रज्वलन एवं कलश यात्रा निकाली जाएगी। वहीं 7 फरवरी को भव्य एवं आकर्षक दीपदान का आयोजन किया गया है। कार्यक्रम का विसर्जन 8 फरवरी को होगा, जिसमें विशाल प्रसाद वितरण किया जाएगा। इस अवसर पर विभिन्न मानस मंडलियों को सदाबहार दानदाताओं द्वारा प्रोत्साहन स्वरूप 501 रुपए एवं श्रीफल प्रदान किए जाएंगे। कार्यक्रम में आकाशवाणी एवं दूरदर्शन से जुड़े कलाकारों सहित अलग-अलग दिनों में विभिन्न कलाकारों की प्रस्तुतियों होंगी। ऐतिहासिक मंच पर आदर्श रामलीला मंडलों द्वारा भव्य प्रस्तुति दी जाएगी। आयोजन समिति के अध्यक्ष हीरा राम साहू, सचिव हीरेंद्र वर्मा, कोषाध्यक्ष रामकुमार साहू, सदस्य तिहारू राम साहू, लेखचंद साहू, डॉ. किरीत कुमार साहू, नाथूराम ध्रुव, खोढस राम वर्मा, बाबूलाल साहू, आयोजक समिति ने समस्त अंचलवासियों एवं जनप्रतिनिधियों से आग्रह किया है कि अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर कार्यक्रम को सफल बनाएं।

## केंद्रीय बजट की जनपद अध्यक्ष डॉ. दौलतराम ने की सराहना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हथबंद

केंद्र सरकार द्वारा प्रस्तुत केंद्रीय बजट को लेकर सिमगा जनपद अध्यक्ष डॉ. दौलतराम पाल ने इसे जनहितकारी और क्षेत्रीय विकास को गति देने वाला बजट बताया। उन्होंने कहा कि यह बजट शिक्षा, स्वास्थ्य, सड़क एवं रेल जैसी मूलभूत सुविधाओं को सुदृढ़ करने की दिशा में एक मजबूत कदम है। डॉ. पाल ने बताया कि बजट में बलौदाबाजार क्षेत्र के लिए महत्वपूर्ण घोषणाएं की गई हैं। बलौदाबाजार में गर्ल्स हॉस्टल की स्थापना से छात्राओं को शिक्षा के बेहतर अवसर मिलेंगे। वहीं जिला अस्पताल में ट्रॉमा सेंटर बनाए जाने से गंभीर मरीजों को समय पर बेहतर उपचार मिल सकेगा। उन्होंने आगे कहा कि खरसिया, बलौदा बाजार, परमालकसा रेलवे लाइन परियोजना से क्षेत्र में यातायात और व्यापार को बढ़ावा मिलेगा। साथ ही रायपुर–बलौदाबाजार राष्ट्रीय



राजमार्ग एनएच-130 बी को फोरलेन किए जाने से आवागमन सुगम होगा और विकास को नई गति मिलेगी।

जनपद अध्यक्ष डॉ. दौलतराम पाल ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण, मुख्यमंत्री विष्णु देव साय, मंत्री टंकराम वर्मा, सांसद बृजमोहन अग्रवाल का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह बजट गांव, गरीब, किसान, युवा और महिलाओं के सशक्तिकरण को समर्पित है।

## यूजीसी के नए नियमों के विरोध में उतरा सवर्ण समाज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

उच्च शिक्षण संस्थानों में समानता के नाम पर लागू किए गए विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) के नए नियमों के खिलाफ सवर्ण समाज महासमुंद ने मोर्चा खोल दिया है। मंगलवार को समाज के सैकड़ों युवाओं और प्रबुद्धजनों ने शहर में एक विशाल बाइक रैली निकालकर अपना विरोध दर्ज कराया।

रैली के पश्चात कलेक्टर कार्यालय पहुंचकर तहसीलदार जुगल किशोर पटेल के माध्यम से राष्ट्रपति और प्रधानमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा गया। सवर्ण समाज का कहना है कि 13 जनवरी से प्रभावी हुए यूजीसी के नए नियम भेदभावपूर्ण हैं। ज्ञापन में विशेष रूप से नियम 3(सी) का उल्लेख किया गया है। प्रदर्शनकारियों के अनुसार, यह नियम केवल एससी, एसटी और ओबीसी वर्ग के खिलाफ होने वाले भेदभाव को ही शिकायत के दायरे में रखता है। इसका सीधा अर्थ यह है कि सामान्य वर्ग के छात्र और प्राध्यापक, यदि किसी प्रकार के जातिगत दुर्व्यवहार या भेदभाव का शिकार होते हैं, तो उन्हें इस नियम के तहत शिकायत करने का अधिकार नहीं दिया गया है। आंदोलनकारियों ने स्पष्ट किया कि यह नया कानून भारतीय संविधान के अनुच्छेद 14 (समानता का अधिकार), अनुच्छेद 15 और अनुच्छेद 21 के तहत मिलने वाले मौलिक अधिकारों का सीधा उल्लंघन है। समाज के प्रतिनिधियों ने कहा, न्याय की तराजू सबके लिए बराबर होनी चाहिए।



### झूठे मामलों की आशंका

रैली में शामिल लोगों ने चिंता जताई कि इस नियम की आड़ में सामान्य वर्ग के छात्रों और शिक्षकों पर झूठे आरोप लगाकर उन्हें मानसिक और शैक्षणिक रूप से प्रताड़ित किया जा सकता है। समाज की मांग है कि यूजीसी की 2026 की नियमावली को तत्काल प्रभाव से निरस्त किया जाए। नियमों में संशोधन कर सामान्य वर्ग को भी शिकायत करने और निष्पक्ष जांच का अधिकार दिया जाए। दोषी पाए जाने पर ही कार्रवाई हो, लेकिन झूठे आरोप लगाने वालों के खिलाफ भी सख्त प्रावधान हों।

## तेज रफ्तार पिकअप की चपेट में आने से युवक की मौत, आक्रोशित ग्रामीणों ने किया चक्काजाम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

जिले से गुजरने वाले राष्ट्रीय राजमार्ग 353 पर स्थित ओंकारबंद में शनिवार को एक भीषण सड़क हादसा हुआ। इस दुर्घटना में एक 40 वर्षीय व्यक्ति की मौके पर ही मौत हो गई, जिसके बाद स्थानीय ग्रामीणों ने सड़क पर उतरकर विरोध प्रदर्शन किया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, एक पिकअप वाहन क्रमांक सीजी 06 जीटी 5630 एलपीजी सिलेंडरों से लदा हुआ महासमुंद से बागबाहरा की ओर जा रहा था। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, वाहन की गति काफी अधिक थी। इसी दौरान सड़क पार कर रहे अशोक कुमार विश्वकर्मा (40 वर्ष), जो ओंकारबंद के ही निवासी थे, वाहन की चपेट में आ गए। टक्कर इतनी जोरदार थी कि अशोक सिर के बल सड़क पर गिरे और गंभीर चोट आने के कारण उनकी घटनास्थल पर ही मृत्यु हो गई। मृतक एक अत्यंत गरीब परिवार से संबंधित थे। दुर्घटना के तुरंत बाद चालक वाहन लेकर मौके से फरार हो गया और उसे खल्लारी थाने में खड़ा कर दिया।

### ग्रामीणों का आक्रोश और प्रदर्शन

हादसे की खबर फैलते ही बड़ी संख्या में ग्रामीण इकट्ठा हो गए और राष्ट्रीय राजमार्ग पर चक्काजाम कर दिया। ग्रामीणों का आरोप है कि इस मार्ग पर वाहन अक्सर निर्धारित गति सीमा से अधिक तेज चलाए जाते हैं, जिससे आए दिन दुर्घटनाएं होती रहती हैं। ओंकारबंद के सरपंच दुष्यंत चन्द्राकर ने बताया कि प्रशासन को इस समस्या से अवगत कराने के बावजूद अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई थी, जिसके कारण आज एक व्यक्ति को अपनी जान गंवानी पड़ी।

### प्रशासन की कार्रवाई

चक्काजाम की सूचना मिलते ही पुलिस बल और बागबाहरा की नायब तहसीलदार मौके पर पहुंचे। अधिकारियों ने आक्रोशित लोगों को समझाने का प्रयास किया। स्थिति को बिगड़ते देख और मृतक की आर्थिक स्थिति को ध्यान में रखते हुए, नायब तहसीलदार ने तत्काल सहायता के रूप में मृतक के परिजनों को 25 हजार रुपये की आर्थिक मदद प्रदान की। प्रशासन ने ग्रामीणों को आश्वासन दिया कि मामले की पूरी जांच की जाएगी और दोषी वाहन चालक के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई होगी।

## धोबी समाज लवन राज का वार्षिक अधिवेशन 13 और 14 को

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मुंडा

झेरिया रजक धोबी समाज लवन राज का दो दिवसीय वार्षिक अधिवेशन 13 और 14 फरवरी को ग्राम गातापार में समाज के राम जानकी मंदिर परिसर में रखा गया है। 13 फरवरी को सुबह 11 से शाम 4 बजे तक सामाजिक समस्याओं पर विचार विमर्श, शाम 5 बजे अतिथियों का आगमन होगा। मुख्य अतिथि मंत्री टंकराम वर्मा होंगे। अध्यक्षता लवन राज अध्यक्ष पन्नालाल रजक करेंगे। अति विशिष्ट अतिथि पूर्व विधानसभा अध्यक्ष गौरीशंकर अग्रवाल एवं विशिष्ट अतिथि के तौर पर रजककार विकास बोर्ड अध्यक्ष प्रहलाद रजक, नगर पालिका अध्यक्ष अशोक जैन, मुख्यमंत्री के निज सहायक तुलसी कौशिक जनपद, अध्यक्ष सविता भीम यादव, जनपद सभापति अश्वनी रजक, मंडल अध्यक्ष पवन वर्मा, महामंत्री संतोष वर्मा, गातापार सरपंच अंकिता संदीप वर्मा, छत्तीसगढ़ प्रदेश धोबी समाज प्रदेश अध्यक्ष मनोज निर्मलकर, प्रदेश महासचिव कृष्णकुमार निर्मलकर, प्रदेश उपाध्यक्ष पुरुषोत्तम रजक, प्रदेश संरक्षक झड़ीराम कनौजे, रजककार विकास बोर्ड पूर्व अध्यक्ष लोकेश कनौजे, महिला प्रकोष्ठ प्रदेश अध्यक्ष निर्मला रजक प्रदेश उपाध्यक्ष एवं बलौदाबाजार जिला अध्यक्ष श्रीराम रजक आईटी सेल प्रदेश अध्यक्ष कमलेश रजक, प्रदेश उप कोषाध्यक्ष धनेश्वर निर्मलकर आदि उपस्थित रहेंगे।

## पेज 11 के शेष

### प्रत्येक उपार्जन केन्द्र...

निराकरण करने कहा। कोर्ट नियमित रूप से लेने के निर्देश भी दिये। इस दौरान मुख्यमंत्री जनदर्शन, मुख्यमंत्री सचिवालय, सीपी ग्राम्स, कलेक्टर जनदर्शन, समय -सीमा से सम्बधित आवेदनों के निराकरण में तेजी लाने के निर्देश दिये। बैठक में सीईओ जिला पंचायत दिव्या अग्रवाल, अपर कलेक्टर दीप्ति गौते, अवध राम टंडन, अभिषेक गुप्ता, निशा नेताम मड़ावी सहित एसडीएम, जनपद सीईओ एवं विभिन्न विभागों के जिला अधिकारी उपस्थित थे।

### हत्या के दो...

गया, जिससे राहुल की मृत्यु हो गई। प्रार्थी की रिपोर्ट पर थाना सिमगा में ने विवेचना में 2 आरोपियों को हिरासत में लिया, जिनसे पूछताछ करने पर आरोपियों द्वारा मेला कार्यक्रम के दौरान एक दूसरे से धक्का लगने के कारण गंभीर रूप से मारपीट करना स्वीकार किया, जिससे उसकी मृत्यु हो गई। इस प्रकरण में हेमन्त यादव उर्फ सोनू 20 वर्ष और आशीष उर्फ रुपेश साहू उर्फ चब्बा निवासी ग्राम कामता थाना सिमगा दोनों आरोपियों को 3 फरवरी को गिरफ्तार किया और वारदात में उपयोग किए गए चाकू को जब्त किया। आरोपियों को न्यायालय में पेश कर जेल भेजा गया।

### 40 पौवा शराब ...

पलारी में आबकारी अधिनियम की धारा 34(2) के तहत प्रकरण पंजीबद्ध कर उन्हें गिरफ्तार किया गया है। आगे की विधिक कार्रवाई कर आरोपियों को न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया जा रहा है। वहीं गिरफ्तार आरोपी गनेशु राम गायकवाड़ 58 वर्ष, निवासी ग्राम मुड़पार, थाना पलारी सुमित मनहरे 25 वर्ष, निवासी ग्राम मुड़पार के रूप में गई है। वहीं पुलिस प्रशासन ने आमजन से अपील की है कि किसी भी प्रकार की शिकायत, सूचना या आपराधिक गतिविधि की जानकारी समाधान सेल हेल्पलाइन नंबर पर कॉल या व्हाट्सएप के माध्यम से साझा करें।

### सुरक्षा मानकों के...

अपोलो बिल्डिंग प्रोडक्ट्स प्रा.लि.ग्राम रिंगनी, मेसर्स- रियल इस्पात एनर्जी प्रा.लि., ग्राम बकुलाही एवं मेसर्स अनिमेष इस्पात प्रा.लि., ग्राम-खजुरी के कारखाना प्रबंधकों को कारखाने का सुरक्षा संपरीक्षा (सेफ्टी ऑडिट) की अद्यतन जानकारी प्रस्तुत करने के निर्देश दिये गए हैं।



विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

सिटीप्लेक्स सिनेमा-भाटापारा
30 जनवरी 2026
SHOW TIME
बार्डर – 2
शो समय - 12:00, 3:00, 6:45, 9:00 PM
मर्दानी – 3
शो समय - 03:45, 06:15 PM
कब होगी मिलन (सीजी)
शो समय - 12:00 PM
नोट : फेसबुक और इंस्टाग्राम में टाईम टेबल देखा जा सकता है।
bookmyshow पर टिकिट बुकिंग सुविधा उपलब्ध
मो. 93001-27666

## खबर संक्षेप

### गोलू कैवर्त्य भाजपा मछुआरा प्रकोष्ठ के प्रदेश मीडिया प्रभारी बने



**लवन।** लवनराज के चांगरीपुरी परिक्षेत्र से गोलू कैवर्त्य को भाजपा मछुआरा प्रकोष्ठ का प्रदेश मीडिया प्रभारी बनाया गया। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव ने सूची जारी कर दी है। गोलू वर्तमान में बलौदाबाजार, केंवट निषाद समाज चंगोरी परिक्षेत्र लवन के रूप में भी कार्यरत हैं। गोलू कैवर्त्य के प्रदेश मीडिया प्रभारी बनने की खबर से मछुआरों में उत्साह है।उन्हें प्रदेशभर के भाजपा नेताओं ने बधाई दी।

### मानसगायन स्पर्धा के विजेताओं को दी गई सम्मान राशि



**सेल।** अखंड नवधा रामायण समिति खैरा द्वारा आयोजित मानसगायन प्रतियोगिता में इस वर्ष भी जगन्नाथ प्रसाद देवांगन उत्कृष्ट प्रधान पाठक खैरा को मंच संचालन का दायित्व सौंपा गया था। इसमें देवांगन द्वारा पूरी तन्मयता के साथ पुरी जिम्मेदारी निभायी गयी और अंत में समिति द्वारा सामूहिक नगद राशि देकर सम्मानित किया गया। इस सम्मान के लिए में नवधा रामायण समिति और समस्त ग्रामवासियों का आभार जताया गया। इस सम्मान के लिए के पी साहू, आदमखान, हेमंत कुमार साहू आदि सभी ने बधाई दी।

### छड़ीया में नवधा रामायण प्रारंभ

**पलारी।** ग्राम छड़ीया में अखंड नवधा रामायण समारोह समस्त ग्रामवासियों के सहयोग से मंगलवार को प्रारंभ हुआ। यह आयोजन 11 फरवरी तक चलेगा, जिसमें दूर दराज की मानस मंडलियों को आमंत्रित किया गया है। सभी मानस मंडलियों को 450 रुपए का सांत्वना पुरस्कार के रूप में दिया जाएगा। कार्तिक रामायण समिति द्वारा रामायण समारोह में अधिक से अधिक में पहुंचकर जीवन धन्य बनाने की अपील की है।

## निधन

### जयराम सिंह



**पलारी।** चरौदा निवासी जयराम सिंह ध्रुव 75 वर्ष का निधन को हो गया। उनका अन्तिम संस्कार गृहग्राम चरौदा के मुक्तिधाम महानदी में किया गया, जहां पर बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिकों ने उपस्थित होकर श्रद्धांजलि अर्पित की। वे नीरा बाई ध्रुव के पति व उर्वशी ध्रुव, अनिता ध्रुव के पिता थे।

# वार्षिक उत्सव में छात्रों ने दी रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुति, बटोरी तालियां

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

प्राथमिक एवं हाई स्कूल भरसेला बड़ा में वार्षिक उत्सव का आयोजन प्राचार्य फलेन वर्मा के मार्गदर्शन में मनाया गया।मुख्य अतिथि ग्राम सरपंच सेवती वर्मा रहीं। कार्यक्रम की अध्यक्षता एसएमडीसी अध्यक्ष भगवंतीन साहू द्वारा की गई।इस दौरान विद्यार्थियों द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी गईं। जिन्हें उपस्थित जनसमूह ने खूब सराहा। बच्चों ने अपने हुनर, आत्मविश्वास एवं उत्कृष्ट मंच प्रदर्शन से कार्यक्रम को अत्यंत यादगार बना दिया। यह कार्यक्रम ग्राम पंचायत एवं शाला परिवार के सामूहिक प्रयास से सफलतापूर्वक सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम में पंचायत सदस्य नीलकमल सोनवानी, नन्द कुमार तिवारी, बुड्ढेश्वर पैकरा, सरोज वर्मा, तुलसी पैकरा, रेखा पैकरा एवं रुखमणी विश्वकर्मा की गरिमामयी उपस्थिति रही।इस अवसर पर प्राथमिक शाला भरसेला की दीवार पत्रिका का विमोचन अतिथिगण द्वारा किया गया। साथ ही राष्ट्रीय स्तर पर चयनित छात्राओं को शाला परिवार की ओर से प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम संकुल समन्वयक अमित अवस्थी एवं प्रधान पाठक डॉ. कमलेश कुमार सेन के संयोजन तथा शिक्षिका भारती पाण्डेय के मंच संचालन में हर्षोल्लास एवं उत्साहपूर्ण वातावरण में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।

## राष्ट्रीय स्तर पर चयनित हुईं छात्राओं का हुआ सम्मान



### सभी प्रतिभागियों को पुरस्कार वितरित किया गया

उल्लास नव साक्षर कार्यक्रम के अंतर्गत वर्ष 2024–25 में स्वयंसेवी शिक्षक के रूप में सेवाएं देने वाले शिक्षकों को भी अतिथिगण द्वारा प्रशस्ति पत्र प्रदान किए गए। ग्राम पंचायत की ओर से सभी प्रतिभागियों को पुरस्कार वितरित किए गए। कार्यक्रम को सफल बनाने में संस्था के शिक्षक-शिक्षिकाओं लक्ष्मी ध्रुव, आकांक्षा तिवारी, कुसुमकान्ति टोप्पो, खुशबू क्षत्रिय, विजय लहरे, ओजस्वीता ध्रुव, प्रेमलाल कन्नौजे एवं महेन्द्र चौहान का विशेष योगदान रहा।

## जैन संत शिरोमणी का विधायक इन्द्र साव ने किया स्वागत

# प्रत्येक व्यक्ति आध्यात्मिक मूल्यों को जीवन में उतारे



हरिभूमि न्यूज ▶▶| भाटापारा

नगर में मंगलवार को जैन संत शिरोमणि 108 श्री विशुद्ध सागर महाराज श्रीसंघ के मंगल आगमन पर श्रद्धा और भक्ति का अद्भुत दृश्य देखने को मिला। प्रातःकाल महाराज श्री का नगर में प्रवेश के दौरान विधायक इन्द्र साव ने कांग्रेसजनों के साथ उनकी मंगल अगुवानी की। इस अवसर पर जैन समाज सहित समस्त धर्मावलंबियों ने उनका भावपूर्ण स्वागत किया।

विधायक इन्द्र साव ने क्षेत्रवासियों के लिए उनसे आशीर्वाद लिया। इस दौरान श्रावक-श्राविकाओं ने पुष्पवर्षा कर, मंगल कलश एवं जयघोष के साथ महाराज श्री का अभिनंदन किया। भाटापारा आगमन के दौरान पूरे मार्ग को रंगोलियों और तोरण द्वारों से सजाया गया था। वातावरण धर्म की जय हो और विशुद्ध सागर जी महाराज की जय के उद्घोष से गूंज उठा।

इस अवसर पर महाराज श्री ने माहेश्वरी भवन में अपने प्रवचन में अहिंसा, संयम और आत्मशुद्धि के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि आज के समय में आध्यात्मिक मूल्यों को जीवन में उतारना अत्यंत आवश्यक है। उनके वचनों से उपस्थित जनसमूह भावविभोर हो उठा। विधायक इन्द्र साव के साथ समाजजनों ने भी महाराज श्री से आशीर्वाद प्राप्त किया और उनके मंगल प्रवास की कामना की। इस अवसर पर ईश्वर सिंह ठाकुर, मोहन केसरवानी, दिवाकर मिश्रा, शेखर चक्रधारी पार्षद, नरेंद्र यदु पार्षद,नानू सोनी, अभिषेक मोदी, विक्की ठाकुर, शेषनारायण यदु, मुकेश साहू, जीत नारायण साव, धनंजय कुर्रे, कुंजू साहू सहित जैन समाज के पदाधिकारी उपस्थित थे।

### संतों की वाणी आज भी समाज को सकारात्मक दिशा देने का कार्य कर रही

**भाटापारा।** नगर पालिका अध्यक्ष अश्वनी शर्मा ने कहा है कि संतों की वाणी आज भी समाज को सकारात्मक दिशा देने का कार्य कर रही है। भक्ति, श्रद्धा और आत्मिक उल्लास से ओतप्रोत भाटापारा नगर में मंगलवार को धर्ममय वातावरण से सराबोर हुआ। नगर में परम पूज्य वर्या शिरोमणि पट्टाचार्य 108 श्री विशुद्धसागरजी महाराज ससंघ तथा श्रमण मुनि श्री 108 सुयश सागरजी महाराज के पावन आगमन के अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष ने आत्मीय, श्रद्धापूर्ण एवं भव्य स्वागत-वंदन कर आशीर्वाद प्राप्त किया। उन्होंने कहा की जैन समाज के संत-मुनि बिना चरण पादुका के हजारों मील पैदल यात्रा करते हैं। खान-पान का सयंम रखकर मानव समाज के कल्याण के लिए प्रार्थना करते हैं। उन्होंने कहा कि जैन धर्म एक ऐसा धर्म है, जहां पर गलतियों को स्वीकार करने और क्षमा मांगने की महान परंपरा है। मां अन्नपूर्णा की पुण्य भूमि भाटापारा में पधारे संतों के चरणों को शत-शत नमन किया। इस अवसर पर सभापति सतीश तलरेजा, कुंजराम कोशले, पार्षद श्रेणिक गोलछा, बब्बू मंधान, नंदकिशोर वैष्णव, बंटी टंडन, प्रकाश मोदी, अभिषेक टाटिया, अभिषेक मोदी, बल्लू जैन एवं सामाजिक जन मौजूद थे।



# तुलसी में महिला समूह ने किया श्रमदान



हरिभूमि न्यूज ▶▶| खरोरा

ग्राम तुलसी अ में रविवार को आदर्श किसान महिला समूह की दीदियों द्वारा स्वच्छता अभियान चलाया गया। इस दौरान महिलाओं ने पंचायत परिसर एवं आसपास के सार्वजनिक स्थलों में झाड़ू लगाकर साफ-सफाई की तथा कचरा संग्रहण किया। स्वच्छता अभियान का उद्देश्य ग्राम को स्वच्छ, सुंदर एवं स्वस्थ बनाना रहा। कार्यक्रम में महिला समूह की सभी सदस्यों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और ग्रामवासियों को स्वच्छता के प्रति जागरूक करने का संदेश दिया। इस अभियान में विशु वर्मा अध्यक्ष के मार्गदर्शन में संजना कुर्रे, गायत्री वर्मा, छीता वर्मा, सरोज कुर्रे, राधा वर्मा, सविता चौहान, उषा वर्मा, चंपा कुर्रे, बिरिज यादव, पूणिर्मा वर्मा, बिरझा वर्मा, जानकी वर्मा एवं तिजमती वर्मा सहित सभी सदस्य उपस्थित रहीं। महिला समूह की इस पहल की ग्रामवासियों द्वारा सराहना की गई और भविष्य में भी ऐसे स्वच्छता कार्यक्रम नियमित रूप से आयोजित करने की बात कही गई।

- स्वच्छता अभियान में महिलाओं की सराहनीय पहल

### शिविर में ग्रामीण सीख रहे योग की बारीकी

**पलारी।** पतंजलि योग परिवार, पलारी के तत्वावधान में ग्राम जर्वे में 3 से 5 फरवरी तक तीन दिवसीय योग शिविर का आयोजन जारी है। शिविर के प्रथम दिवस पलारी से योग शिक्षक राजकुमार यादव, दिनेश कुमार साहू, शत्रुघ्न वर्मा, हेमलाल देवांगन, उमेश ठाकुर एवं दीदी मीना साहू द्वारा योगाभ्यास कराया गया तथा योग से होने वाले लाभों की जानकारी दी गई। इस क्रम में प्रतिदिन प्रातः 5 से 7 बजे तक विभिन्न योग शिक्षकों द्वारा नियमित रूप से योगाभ्यास कराया जाएगा। ग्राम के समस्त नागरिकों से अपील की गई है कि अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर इस योग शिविर का लाभ उठाएं।




## सशिमं में हुआ सांस्कृतिक कार्यक्रम

**खरोरा।** ग्राम पंचायत देवरी के सरस्वती शिशु मंदिर में बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति दी। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला महामंत्री और सांसद प्रतिनिधि अनिल अग्रवाल ने बच्चों को शिक्षा के साथ साथ खेलकूद पर भी ध्यान देने की बात कहते हुए कहा कि बच्चों का शारीरिक और मानसिक विकास होते रहे जिसके लिए संस्था द्वारा बच्चों के हित में कार्य किए जाते हैं। विशिष्ट अतिथि जिला पंचायत रायपुर की सभापति स्वाति वर्मा ने कहा सांस्कृतिक कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों में देशप्रेम, संस्कार एवं सांस्कृतिक मूल्यों का विकास करना है। कार्यक्रम को मंडल अध्यक्ष नरसिंह वर्मा ने भी संबोधित किया। विशेष अतिथि के रूप में जनपद पंचायत तिल्दा के जनपद सदस्य देवव्रत शर्मा का भी मार्गदर्शन प्राप्त हुआ। सरपंच दिव्या राजा वर्मा ने शिशु मंदिर से पढ़ाई कर आज विभिन्न क्षेत्रों में अपनी सेवाएं प्रदान कर रहे पूर्व छात्रों को शुभकामनाएं प्रदान की। इस दिन नवनिर्मित मनोरंजन और सामुदायिक भवन सरस्वती शिशु मंदिर का लोकार्पण भी किया। कार्यक्रम में अतिथि दीनदयाल वर्मा, ओंकार वर्मा, परमेश्वर वर्मा, डोमार वर्मा, भागवत प्रसाद वर्मा, येलन वर्मा, देवानंद वर्मा, भानुप्रताप वर्मा, शत्रुघ्न वर्मा, कौशल वर्मा महिला सदस्य, शैल वर्मा, गीता वर्मा, कमला वर्मा, भुनेश्वरी शर्मा आदि की उपस्थिति रही।



# हाईस्कूल में खेल प्रतियोगिता का पुरस्कार वितरित, विदाई समारोह हुआ



हरिभूमि न्यूज ▶▶| पलारी

हाईस्कूल चरौदा में वार्षिक खेल प्रतियोगिता के पुरस्कार वितरण एवं विदाई समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में अतिथियों द्वारा छात्र–छात्राओं को पुरस्कार प्रदान कर उनका उत्साहवर्धन किया गया। मुख्य अतिथि नगर पंचायत अध्यक्ष गोपी साहू ने कहा कि खेल न केवल शरीर को स्वस्थ रखते हैं, बल्कि अनुशासन, टीम भावना और नेतृत्व क्षमता का विकास करते हैं। पढ़ाई के साथ खेलों में सहभागिता से ही विद्यार्थियों का सर्वांगीण विकास संभव है। उन्होंने विद्यालय परिवार को सफल आयोजन के लिए बधाई दी। विशिष्ट अतिथि नगर पंचायत उपाध्यक्ष पिंटू वर्मा ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्र के विद्यार्थियों में अपार प्रतिभा है। सही मार्गदर्शन और अवसर मिलने पर ये विद्यार्थी जिले और प्रदेश का नाम रोशन करते हैं। इस अवसर पर जनपद सदस्य नीलिमा कोशले, प्राचार्य कविता ध्रुव, नेहा उपाध्याय, नीलकंठ पटेल, मंजू सिन्हा एवं नीलेश्वरी जायसवाल सहित अन्य गणमान्य अतिथिगण उपस्थित थे। प्रतियोगिता के दौरान छात्रों को चार समूहों में विभाजित किया गया था। सभी समूहों के बीच कड़ा मुकाबला देखने को मिला, जिसमें इंद्रावती ग्रुप ने शानदार प्रदर्शन करते हुए बाजी मारी। इंद्रावती टीम के लीडर मुकेश निषाद के कुशल नेतृत्व में टीम ने प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त किया।

### एनएसएस शिविर में छात्रों को दी गई कानूनी जानकारी

**भवानीपुर।** विकासखंड पलारी अंतर्गत ग्राम दतरेंगी में महाविद्यालय पलारी के एनएसएस के छात्र-छात्राओं द्वारा सात दिवस शिविर का आयोजन रखा गया है, जिसमें स्वच्छता, योगा, शिक्षा, कानून, पंचायत जनपद पंचायत जिला पंचायत से संबंधित उनकी उपलब्धि के बारे में क्रमशः ग्रामीणों को बतायेंगे। इसी क्रम में पुलिस थाना पलारी प्रभारी परिवेश तिवारी द्वारा कानूनी जानकारी छात्रों को विस्तार से दी गई। ऑनलाइन फ्रॉड साइबर धमकियों से सतर्क रहने, कोई व्यक्ति ओटीपी वगैरह मांगता है तो उन्हें नहीं देने, दोपहिया और चार पहिया वाहन चलाते समय नियमों का पालन करने, मोटरसाइकिल चलाते समय हेलमेट पहनें, लाइसेंस एवं बीमा का दस्तावेज साथ में रखने, चार पहिया वाहन चालक बेल्ट आवश्यक लगने एवं दस्तावेज लेकर ही चले, शराब के नशा में गाड़ी नहीं चलना की जानकारी दी गई। इस अवसर पर प्राचार्य शिक्षक छात्र-छात्राएं सहित ग्रामीण बड़ी संख्या में उपस्थित थे।



## सिविल सर्विसेज से राष्ट्रीय स्तर पर प्रतिनिधित्व करने वाले दो खिलाड़ी सम्मानित

# मां समलेश्वरी टीम सारंगढ़ ने जीती क्रिकेट प्रतियोगिता

हरिभूमि नयूज ▶▶| भटगांव





रात्रि कालीन प्लास्टिक बॉल क्रिकेट प्रतियोगिता एवं सम्मान समारोह तुलसी आदित्य महाविद्यालय जन भागीदारी अध्यक्ष संतोष कुर्रे, लीलाधर वैष्णव, धर्मेंद्र साहू, रूप नारायण सिंह राजपूत, केपी पटेल, योगेश जायसवाल, मोनू यादव, सुरेश रघु, रामदुलार साहू, योगेश देवांगन, उमा धिवर, पंकज दुबे शिक्षक इत्यादि के उपस्थिति में हुआ। मीडिया टीम ने 99 रन बनाकर जीत हासिल की, वहीं यह प्लास्टिक बाल क्रिकेट मैच तीन दिनों तक चला, जहां छत्तीसगढ़ के कई जिलों से क्रिकेट टीमों ने हिस्सा लिया।

कार्यक्रम समापन में मुख्य अतिथि प्रदीप देवांगन उपाध्यक्ष नगर पंचायत भटगांव, रमा पटेल सभापति प्रतिनिधि नगर पंचायत भटगांव, धीरज सिंह दीक्षित भाजपा मंडल अध्यक्ष भटगांव, श्यामलाल साहू महामंत्री भाजपा मंडल भटगांव, गुड्डा साहू भाजपा नेता, प्रीतम भारद्वाज प्राचार्य सेजेस भटगांव, डॉक्टर लोकेश अजय, हलदर आदित्य शिक्षक, संतोष बघेल, टाईगर कुर्रे, मोहन साहू प्रॉपर्टी डीलर, धर्मेंद्र साहू पत्रकार, शाहिद रहमान खान शिक्षक इत्यादि उपस्थित रहे।

फाइनल मैच सारंगढ़ मां समलेश्वरी ए और मां समलेश्वरी के विरुद्ध खेला गया, जिसमें मां समलेश्वरी ने जीत हासिल कर प्रथम स्थान प्राप्त किया। तीसरे और चौथे स्थान के लिए सारंगढ़ राजा इवेंट एवं राजा 11 भटगांव के बीच मैच खेला गया, जिसमें राजा इवेंट एवं सारंगढ़ जीत हासिल कर तीसरा स्थान प्राप्त किया। टूर्नामेंट के फाइनल मैच के पहले बडगांव क्षेत्र के छात्र-छात्राएं जिन्होंने राज्य स्तरीय एवं राष्ट्रीय स्तर पर अपना खेल दिखाया है एवं क्षेत्र में जितने भी अग्निवीर सीजी पुलिस सब इंस्पेक्टर एवं डॉ. एस जो इसी सत्र में यह मुकाम हासिल किये उन्हें मुख्य अतिथियों द्वारा सम्मानित किया गया। इस आयोजन को सफल बनाने के लिए सभी नगरवासी नगर पंचायत अध्यक्ष विक्रम कुर्रे, उपाध्यक्ष प्रदीप देवांगन, सभापति देवेंद्र यादव, सभापति लीलाधर वैष्णव, पार्षद प्रतिनिधि रमा पटेल, वार्ड 1 पार्षद प्रवेश दुबे के सहयोग से यह कार्यक्रम सफल हुआ। सिविल सर्विसेज से राष्ट्रीय स्तर पर प्रतिनिधित्व करने वाले दो खिलाड़ियों को भी सम्मानित किया गया।

